तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण ...



12 मुख्यमंत्री ने किया कुटेला में जिले के पहले गौधाम ...



## खबर संक्षेप

### पिथौरा थाना क्षेत्र के लाखागढ़ में चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा के ग्राम लाखागढ़ में आइसक्रीम व ब्रेड का होलसेल व्यापारी के घर चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया यश सिंघल पिता दिनेश सिंघल (23 वर्ष) 12 मार्च को अपने पिता दिनेश सिंघल के ईलाज के लिए रायपुर गया हुआ था और उसका भाई संकेत अग्रवाल 13 मार्च को पिथौरा आ गया। दोपहर में वह प्रार्थी के घर में सोया था और करीब 12:50 बजे अपने घर से चला गया था। रात्रि में घर में कोई नहीं था। 14 मार्च को उसके भाई संकेत जब उसके घर आया तब देखा कि सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, और घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद वह वापस आया तब पता चला कि घर के अलग-अलग जगह पर रखे लगभग 18000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 ए बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है

### शिक्षिका ने पति पर लगाया मारपीट, प्रताड़ना का आरोप

**महासमुंद।** शिक्षिका ने अपने पति के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पटेवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को रायतुम निवासी शिक्षिका प्रतिमा दीक्षित ने बताया कि उसे पति मनोज शर्मा पिता केशव प्रसाद शर्मा के द्वारा विगत 6 माह से मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पति घर का दरवाजा, ताला तोड़ देते हैं, साथ ही राशन भी बेच देते हैं। वहीं 14 मार्च को जान से मारने की धमकी भी दी गई। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296 351(2) 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### आए दिन बिजली बंद होने से बढ़ी समस्या

**महासमुंद।** एक ओर जहां लगातार गर्मी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर आए दिन बिजली बंद रहने से लोगों की समस्याएं बढ़ गई हैं। विभाग द्वारा कंस्ट्रक्शन कार्य के नाम से नगर में कई-कई घंटों तक बिजली बंद किया जा रहा है। यह स्थिति कलेक्टोरेट रोड, नयापारा, इमलीभांठा इलाके में आए दिन बन रही है। लोगों को कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बिजली पर आधारित कामकाज नहीं होने के कारण कारोबारियों की कमाई पर असर पड़ रहा है।

# कॉमर्शियल सिलेंडर आज से मिलेगा लेकिन मांग का 20 फीसदी ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आज से कर्मिशियल सिलिंडर उपभोक्ताओं को मांग के मुकाबले 20 फीसदी आपूर्ति शुरु होने जा रही है। इसके चलते होटल, ढाबा और कैटरर्स को राहत तो मिलेगी लेकिन, अब भी इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को यह व्यवस्था नहीं भा रही है। वहीं घरेलू सिलिंडर के उपयोग पर भी पाबंदी के कारण उन्हें कार्रवाई की मार भी झेलनी पड़ रही है।

बता दें कि गैस एजेंसी संचालकों की मानें तो सोमवार से कॉमर्शियल सिलिंडर कार्डधारियों को उनकी मांग का 20 फीसदी मुहैय्या कराया जाएगा। इस संबंध में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए एजेंसी संचालक धर्मेंद्र महोबिया, सतपाल सिंह पाली एवं पंकज चंद्राकर की मानें तो कॉमर्शियल सिलिंडर की आपूर्ति अब सुचारु होने जा रही है।

बता दें कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। ऐसी स्थिति में सरकार घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता दे रही है। जिससे बाजार मूल्य वाले वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल, रेस्टोरेंट व अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### सिलेंडर की कमी से व्यवसाय प्रभावित

पिछले एक सप्ताह से गैस प्लांटों से कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में भी गिरावट आई है। इससे होटल संचालक और छोटे व्यवसायी संकट में हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यावसायिक क्षेत्र में भी ईंधन की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। यदि मांग इसी तरह बढ़ती रही, तो आने वाले समय में केवल 20 प्रतिशत तक ही आपूर्ति सुनिश्चित हो पाएगी।

## परेशानी से बचने के लिए एडवांस बुकिंग करा रहे उपभोक्ता

### जिले में गैस कनेक्शनों का आंकड़ा

जिले में बड़ी संख्या में गैस कनेक्शन होने के कारण भीड़ को संभालना चुनौतीपूर्ण हो गया है। कुल घरेलू कनेक्शन लगभग 2.85 लाख, उज्ज्वला योजना कनेक्शन लगभग 2.04 लाख, कमर्शियल कनेक्शन लगभग 640 हैं। उज्ज्वला योजना के लाभार्थी, जो सामान्यतः महीने या दो महीने में एक बार सिलेंडर लेते थे, वे भी युद्ध की आशंका और बढ़ती कीमतों के डर से तुरंत सिलेंडर भरवाने पहुंच रहे हैं।



### देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम नवागांव के तालाब के पास बागबाहरा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घटना स्थल नया तलाब के पास नवागांव में टीकम सिंग ध्रुव पिता धनेश्वर ध्रुव (47 वर्ष) निवासी नवागांव थाना बागबाहरा के कब्जे से 25 पौवा यूनिक देशी प्लेन शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### होटल बंद करने की आ सकती है नौबत

होटल संचालक नेमी चंद सोनी की मानें तो एक सप्ताह से व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडर नहीं मिला है। अब तो उसकी बुकिंग भी नहीं हो रही है। आपूर्ति नही होने से काम बंद होने की स्थिति है और इससे उन्हें आर्थिक संकट भी झेलना होगा।

## होला मोहल्ला कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# नानकसागर में अमृतसर की तर्ज पर बनेगा भव्य गुरुद्वाराः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना/महासमुंद

- पूरे क्षेत्र की आस्था और पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और सुविधाओं में भी इजाफा होगा

जिले के बसना क्षेत्र के ग्राम गढ़फुलझर स्थित ग्राम नानकसागर में जहां सिक्खों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी के चरण रज पड़े थे, वहां अमृतसर की तर्ज पर एक भव्य गुरुद्वारा बनेगा। इससे पूरे क्षेत्र की आस्था और पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और सुविधाओं में भी इजाफा होगा। रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नानकसागर में आयोजित होला मोहल्ला कार्यक्रम में शामिल हुए।

उन्होंने यहां पहुंचकर पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका तथा विशेष कीर्तन समागम और अरदास में शामिल हुए। इस अवसर पर सिख समाज की ओर से मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें सरोफा भेंट किया गया। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि सिख समाज हमेशा संगठित होकर समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है। रिंकू सिंह ओबेरॉय ने नानकसागर के इतिहास के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, बसना विधायक संपत अग्रवाल, डॉ. भगवान सिंह खोजी, ज्ञानी हरदीप सिंह, दविंदर सिंह, कमलजीत सिंह, नितिनदीप सिंह, कंवलप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह, देवेंद्र सिंह आनंद, रोमी सलूजा सहित सिख समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, येतराम साहू, अखिलेश सोनी, भूपेंद्र सिंह सवन्नी, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, अमरजीत छाबड़ा, सरपंच हरप्रीत कौर, कोलता समाज के गिरधारी साहू और चतुर्भुज आर्य सहित समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।





### संतों की तपोभूमि है छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि गढ़फुलझर की पावन भूमि स्थित नानकसागर अत्यंत पवित्र स्थल है, जहां पूज्य गुरु नानक जी का चरण रज पड़े हैं। छत्तीसगढ़ की भूमि जहां महान संतों के चरण पड़े हैं। यह भूमि संतों की तपोभूमि रही है और यहां आकर उन्हें अत्यंत गर्व और आनंद की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के सभी तीर्थस्थलों का विकास किया जाए और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गढ़पुलझर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा पहले भी की जा चुकी है और इसके विकास के लिए लगभग 2.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। विकास कार्य जारी भी है। इसे और शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### यह है नानकसागर का इतिहास

520 वर्ष पूर्व सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी इस पवित्र स्थल पर पधारे थे। गढ़फुलझर वह ऐतिहासिक स्थल है जहां वर्ष 1506 में सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी अपनी पहली उदासी (विश्व भ्रमण) के दौरान अमरकंटक और शिवरीनारायण के मार्ग से जगन्नाथ पुरी जाते समय दो दिनों तक ठहरे थे। उनके उपदेशों से प्रभावित होकर तत्कालीन आदिवासी राजा मानस राज सागर चंद भेना ने लगभग 5 एकड़ भूमि गुरु महाराज के नाम समर्पित की थी, जिसे आज भी "गुरुखाप" के नाम से जाना जाता है।

### सर्वधर्म समभाव की मिसाल है गढ़फुलझर

इसी पावन स्थल पर देश के प्रमुख गुरुद्वारों की तर्ज पर एक भव्य गुरुधाम का निर्माण प्रस्तावित है। गढ़फुलझर न केवल सिख समाज की आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सर्वधर्म समभाव की मिसाल भी है। यहां अभेद किले, प्राचीन सुरंगों, रानी महल के अवशेषों के साथ रणेश्वर रामचंडी मंदिर और बूढ़ादेव मंदिर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल भी मौजूद हैं। भव्य गुरुधाम के निर्माण से यह क्षेत्र भविष्य में एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा और आने वाली पीढ़ियों को गुरु नानक देव जी के शांति, सेवा और भाईचारे के संदेश से प्रेरित करता रहेगा।

# चंद्रनाहू शिक्षण समिति के चुनाव में एक बार फिर अध्यक्ष बने राहुल कमलेश भी पुनः सचिव निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- उत्साह के माहौल में संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया, संचालक मंडल में चुने गए 17 सदस्य

चंद्रनाहू शिक्षण समिति का चुनाव रविवार को बागबाहरा रोड स्थित छत्तीसगढ़ स्कूल परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समिति के पदाधिकारियों के चयन के लिए सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव के माध्यम से समिति के विभिन्न पदों और संचालक मंडल के सदस्यों के लिए चुनाव हुआ। जो आगामी कार्यकाल में संस्था के शैक्षणिक और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी संभालेंगे।

तीन वर्ष के लिए चुने गए पदाधिकारियों में पूर्व अध्यक्ष राहुल चंद्राकर पुनः एक बार अध्यक्ष चुने गए। वहीं कमलेश चंद्राकर भी पुनः सचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए राहुल चंद्राकर और ऋषि चंद्राकर आमने सामने थे। राहुल को 449 तथा ऋषि को 306 वोट मिले। इसी तरह सचिव पद के लिए कमलेश और हरीश के बीच हुए मुकाबले में कमलेश को 297 तथा हरीश चंद्राकर को 306 मत प्राप्त हुए।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए साथ मिलकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य, समिति के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।



### ये होंगे संचालक मंडल के सदस्य

संचालक मंडल के लिए हुए चुनाव में निधी चंद्राकर, तारणी चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर, चंद्रपाल उर्फ चंदू चंद्राकर, हर्षित चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, चंद्रमणी चंद्राकर, केशव चंद्राकर, निखिल नुकेश चंद्राकर, विरेंद्र चंद्राकर, जब्बर चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, धर्मराज चंद्राकर, धरमचंद चंद्राकर, दयालु चंद्राकर, प्रसुन चंद्राकर एवं सुरेखा चंद्राकर निर्वाचित हुए हैं।

## परीक्षाएं एक ही पाली में सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक

# दसवीं और बारहवीं की ओपन परीक्षा आज से




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

5वीं और 8वीं के बोर्ड एग्जाम के साथ आज से जिले में 10वीं और 12वी की ओपन परीक्षाएं शुरु होने जा रही है। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परिक्षाएं अब समाप्ति की ओर हैं। इस बीच राज्य ओपन स्कूल ने भी हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की ओपन परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया।

जारी कार्यक्रम के अनुसार 12वीं की ओपन परीक्षाएं 16 मार्च से प्रारंभ होकर 8 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी, जबकि 10वीं की परीक्षाएं 17 मार्च से शुरू होकर 7 अप्रैल तक चलेंगी। ओपन स्कूल ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि इस अवधि में शासन या स्थानीय अवकाश घोषित होता है, तब भी परीक्षाएं अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही ली जाएंगी। साथ ही बोर्ड ने प्रायोगिक परीक्षाओं को भी 8 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। सुझाव दिया गया है कि 12वीं की सैद्धांतिक परीक्षाओं के दौरान 10वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं और 10वीं की सैद्धांतिक परीक्षाओं के दौरान 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित की जाएं। प्रायोगिक परीक्षा की तिथि और समय की जानकारी विद्यार्थियों को अपने-अपने परीक्षा केंद्र से मिलेंगी।

### प्रायोगिक परीक्षाएं 8 अप्रैल तक संपन्न कराने के निर्देश

ओपन स्कूल की परीक्षाएं एक ही पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षार्थियों को हर हाल में सुबह 8:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा केंद्रों में सुबह 8:35 बजे उत्तर पुस्तिकाएं वितरित की जाएंगी और 8:40 बजे प्रश्नपत्र दिए जाएंगे। छात्रों को उत्तर लिखने के लिए सुबह 8:45 बजे से 11:45 बजे तक का समय मिलेगा।

### इस-दिन होनी है परीक्षाएं

जारी समय सारिणी के अनुसार 10वीं की परीक्षाएं 17 मार्च को हिन्दी विषय के साथ शुरू होगी। पश्चात 19 को मराठी, 20 को विज्ञान, 24 मार्च गृह विज्ञान, 25 मार्च व्यवसाय अध्ययन, 27 मार्च गणित, 30 मार्च अंग्रेजी, 2 अप्रैल सामाजिक विज्ञान, 4 अप्रैल अर्थशास्त्र, 6 अप्रैल संस्कृत और 7 अप्रैल उर्दू विषय की परीक्षा होगी। इसी के साथ ही 12वीं हायर सेकेंडरी परीक्षाएँ 16 मार्च को हिन्दी के साथ शुरू होगी। पश्चात 18 मार्च रसायन, 19 मार्च भूगोल, 23 मार्च भौतिकी, 25 मार्च गृह विज्ञान, 27 मार्च लेखांकन, 28 मार्च जीव विज्ञान, 30 मार्च गणित, 1 अप्रैल अंग्रेजी, 4 अप्रैल इतिहास, 6 अप्रैल वाणिज्य, 7 अप्रैल राजनीति विज्ञान, 8 अप्रैल अर्थशास्त्र के साथ समाप्त होगी।

### 5वीं और 8वीं की परीक्षा भी आज से ही

जिला स्तर पर तैयार किए गए प्रश्न-पत्रों के आधार पर होने वाली 5वीं और 8वीं परीक्षा के लिए विस्तृत समय-सारिणी जारी कर दी गई है। विभाग के अनुसार कक्षा 5वीं की परीक्षा सुबह 9 से 11 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा की शुरूआत 16 मार्च को गणित विषय से होगी। बाद 19 मार्च को अंग्रेजी, 23 मार्च को हिंदी और 25 मार्च को पर्यावरण विषय की परीक्षा ली जाएगी। इसी तरह कक्षा 8वीं की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 25 मार्च से 10 अप्रैल के बीच संपन्न होंगी। इसके अलावा कक्षा पहली से चौथी तथा छठवीं-सातवीं की वार्षिक परीक्षाएं भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होगी।

# आधुनिकता की मार, फ्रिज के दौर में ठंडे पड़े कुम्हारों के चाक, मटकों की मांग घटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी की शुरुआत होते ही जहां लोग राहत के साधन ढूंढ रहे हैं, वहीं मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कभी गर्मियों में गरीबों का फ्रिज कहे जाने वाले देसी मटकों की चमक अब आधुनिक इलेक्ट्रिक फ्रिज और कूलरों के आगे फीकी पड़ती जा रही है। नगर में इस पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े परिवारों के लिए अब घर चलाना मुश्किल साबित हो रहा है। नगर के पुलिस थाना के पास अपनी छोटी सी दुकान सजाए बैठे कुम्हारों ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि वे कड़ी मेहनत से मिट्टी तैयार कर सुंदर और मजबूत मटके बनाते हैं। वर्तमान में एक मटके की कीमत 100 रुपये से 150 रुपये के बीच रखी गई है, लेकिन इसके बावजूद खरीदार नहीं मिल रहे हैं। कुम्हारों का कहना है कि पहले गर्मी शुरू होते ही मटकों की एडवांस बुकिंग हो जाती थी, लेकिन अब लोग ठंडे पानी के लिए फ्रिज को प्राथमिकता दे रहे हैं। दिन भर धूप में बैठने के बाद भी बमुश्किल एक-दो मटके बिक पाते हैं। मिट्टी लाने, उसे तैयार करने और फिर उसे पकाने में लगने वाले ईंधन का खर्च भी अब नहीं निकल पा रहा है।

### गन्ने के रस की बढ़ती मांग

एक तरफ जहां मिट्टी के बर्तनों का बाजार सुस्त पड़ा है, वहीं दूसरी तरफ नगर में गन्ने के रस की डिमांड काफी बढ़ गई है। नगर में जगह-जगह गन्ने के रस की दुकानें और ठेले नजर आने लगे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग मटका खरीदने के बजाय गन्ने के रस का गिलास पकड़ना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। शीतल पेय और अन्य आधुनिक विकल्पों ने पारंपरिक मिट्टी के घड़ों के महत्व को कम कर दिया है।

### संकट में पारंपरिक कला

कुम्हारों के अनुसार, यह समस्या केवल व्यापार की नहीं बल्कि उनके अस्तित्व की है। यदि यही स्थिति रही, तो आने वाले समय में यह पारंपरिक कला पूरी तरह लुप्त हो सकती है। नगर के शिल्पकारों ने बताया कि नई पीढ़ी अब इस काम में हाथ नहीं डालना चाहती क्योंकि इसमें मेहनत अधिक और मुनाफा न के बराबर है। घर-घर फ्रिज होने से मटकों की जरूरत खत्म हो रही है। लोग अब मिट्टी के सोंधेपन के बजाय बर्फ जैसा ठंडा पानी पसंद करते हैं। बिक्री न होने से कच्चे माल का कर्ज चुकाना भी भारी पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### शाही रोजा इफ्तार में हजारों रोजेदारों की भीड़ उमड़ी

रायपुर। मुस्लिम समाज का रमजान माह चल रहा है। इसी कड़ी में नेताजी सुभाष स्टेडियम में शनिवार को शाही रोजा इफ्तार रखा गया, जिसमें दस हजार से अधिक रोजेदार शामिल हुए। इस शाही रोजा इफ्तार में सबसे बड़े 400 फिट लंबे दस्तरखान, जिस पर 500 लोग एक ही दस्तरखान पर बैठे, ऐसे 15 दस्तरखान लगाए गए। उसके बाद नमाज मौलाना अब्दुल रज्जाक साहब ने पढ़ाई और देश-प्रदेश की तरक्की, अमन-चैन, भाईचारा की दुआ की। नमाज बाद फातिहा इमाम हुसैन कर्बला के 72 शहीदों के नाम दी गई, फातिहा और स्वागत के बाद खाना रोजेदार को खिलाया गया। शाही रोजा इफ्तार के आयोजक राहिल रऊफी, नईम अशरफी, रफीक गोठिया, शेख अमीन ने बताया कि महिलाओं के लिए भी इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि हजारों रोजेदारों ने रायपुर मुस्लिम समाज की हुसैनी सेना के शाही रोजा इफ्तार में रोजा खोला। मेहमानों में वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. सलीम राज, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा, हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान, सिख समाज के तेलीबांधा गुरुद्वारा के ज्ञानी, दिलेर रंधावा, क्रिश्चियन समाज से राजेश जॉन पॉल, मौलाना जहीरूद्दीन साहब, सुरेश मसीह, सिंधी समाज से अजीत कुकरेजा आदि शामिल हुए।

### रायपुर-दुर्ग की ज्वेलरी शॉप में चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। सोने-चांदी की दुकान में जेवर खरीदने के बहाने जेवर चोरी करने के आरोप में टिकरापारा पुलिस ने दुर्ग पुलिस की मदद से एक महिला तथा एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने रायपुर के साथ दुर्ग के सोने-चांदी की दुकान में चोरी की थी। सोने-चांदी की दुकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मूलतः जांजगीर-चांपा निवासी कमलेश्वरी साहू, अभनपुर निवासी मेषराम साहू को गिरफ्तार किया है। देवपुरी स्थित दुर्गा ज्वेलरी में कारोबारी को सोने का रानी हार तथा अन्य जेवर खरीदने का झांसा देकर दोनों जेवर लेकर फरार हो गए थे। मेषराम को दुकान संचालक तथा आसपास के लोगों ने भागने की कोशिश करते मौके पर ही पकड़ लिया था। पूछताछ में आरोपियों ने रायपुर के साथ दुर्ग की ज्वेलरी शॉप में चोरी करने का अपराध कबूल किया है।

### दो अलग-अलग मामलों में पुलिस के साथ बदसलूकी के साथ झूमाझटकी



रायपुर। गंज तथा आमानाका थाना क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर पुलिस के साथ बदसलूकी करने के साथ झूमा झटकी करने की घटना सामने आई है। पहली घटना में नमस्ते चौक पर जाम हटवाने पहुंचे गंज थाना प्रभारी सुनील दास के साथ झूमा झटकी करते हुए बदमाशों ने उनका हाथ मरोड़ दिया। हाथ मरोड़ने की वजह से टीआई का कंधा डिस्लोकेट (हड्डी खिसकना) हो गया। एक अन्य घटना में टाटीबंध में हुई है। चालान काटने के दौरान ट्रैफिक टीआई विशाल कुजूर और उनके स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की कर ई-चालान डिवाइस छीनने की कोशिश की गई। दोनों मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंज टीआई सुनील दास शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे नमस्ते चौक पर ट्रैफिक जाम खुलवाने पहुंचे थे। वहां एक सफेद फ्रोनेक्स कार सीजी 04 क्यूएस 3669 बीच सड़क पर खड़ी थी। जब टीआई ने चालक हंसु कुमार चंद्रवंशी को गाड़ी किनारे करने को कहा, तो वह भड़क गया और चिल्लाने लगा, तुम मुझे जानते नहीं हो, मेरी गाड़ी हटवाने वाले तुम कौन होते हो? आरोपी ने टीआई के साथ झूमाझटकी की और उनका दाहिना हाथ पकड़कर इतनी जोर से मरोड़ा कि उनके कंधे की हड्डी खिसक गई। घायल टीआई को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। आरोपी हंसु शराब के नशे में था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# रेलवे में एआई का कमाल, यार्ड में लगा 'वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बदलते समय के साथ बेहतर काम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ले रहा है। यह तकनीक कमियों की सटीक पहचान कर चंद मिनटों में रिपोर्ट तैयार कर देती है। इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल के पीपी यार्ड में एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इस आधुनिक सिस्टम का मुख्य उद्देश्य यार्ड में जांच के लिए आने वाली मालगाड़ियों के डिब्बों की टूट-फूट और खराबी की जल्दी और सही पहचान करना है। इससे मरम्मत के काम को अधिक असरदार बनाया जा सकेगा और रेलवे की सुरक्षा भी मजबूत होगी। एआई पर आधारित यह सिस्टम मशीन लर्निंग तकनीक की मदद से वैगनों में होने वाली अलग-अलग तरह की खराबियों को पहचानता है। इसके जरिए वैगनों में दरवाजे न होना, टूटे हुए दरवाजे, बचा हुआ माल (रेजिडुअल कंसाइनमेंट), फर्श की शीट का न होना और बॉडी पैनल की कमी जैसी खराबियों का अपने आप पता लगाया जा सकता है। जैसे ही कोई मालगाड़ी यार्ड में आती है और इस सिस्टम के पास से गुजरती है, यह तकनीक अपने आप हर वैगन नंबर के साथ उसमें मौजूद कमियों की एक पूरी रिपोर्ट तैयार कर देती है।

## चंद मिनटों में मिलेगी मालगाड़ियों में खामियों की सटीक रिपोर्ट

### लगे हैं हाई-डेफिनिशन कैमरे

इस सिस्टम में बेहतरीन क्वालिटी के 6 हाई-डेफिनिशनकैमरे, खास लाइटिंग और एक अलग सर्वर रूम की व्यवस्था की गई है। कैमरों से मिलने वाली तस्वीरों और सिग्नल्स को सर्वर पर परखा जाता है, जिसके आधार पर हर वैगन की स्थिति की पूरी और सटीक रिपोर्ट बनती है।एआई आधारित यह सिस्टम यार्ड में सामान्य तरीके से होने वाली चेकिंग शुरू होने से पहले ही वैगनों की संभावित टूट-फूट की पूरी जानकारी दे देता है। इससे चेकिंग के दौरान कमियों को पहचानने, मरम्मत की योजना बनाने और जरूरी सुधारों को जल्दी पूरा करने में बहुत मदद मिलती है। यह सिस्टम खुद सीखने वाली (सेल्फ-लर्निंग) एआई तकनीक पर आधारित है। इस वजह से समय के साथ इसके काम करने की क्षमता और सटीकता लगातार बढ़ती रहती है। यह जमा किए गए डेटा को समझकर खुद को और भी ज्यादा बेहतर और सक्षम बनाता है।





### एआई से कार्य में तेजी

तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कुशल निर्देशन एवं निरंतर प्रोत्साहन से जोन में आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में रेल संरक्षा, परिचालन दक्षता तथा परिसंपत्तियों के रखरखाव को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न नवाचारों को लागू किया जा रहा है।

# उत्तर जोन में संवाद से समाधान जागरूकता अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सीएफ़आई के आडिटोरियम हॉल में कार्यक्रम

भनपुरी के छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज़ और आलू प्याज़ आढ़तिया संघ द्वारा सीएफ़आई के ऑडिटोरियम हॉल में संवाद से समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे पुलिस अधिकारी डीसीपी-नार्थ जोन मयंक गुर्जर, एसीपी (उरला) पूर्णिमा लांबा, प्रोविजनल डीएसपी अमित कोसमा, खमतराई टीआई राजेश सिंह एवं उरला थाना टीआई रोहित मालेकर उपस्थित रहे। सीएफ़आई के अध्यक्ष शंकर बजाज ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

डीसीपी, नार्थ जोन मयंक गुर्जर ने इस मौके पर बताया किनया कमीशनरेट कमिश्नर संजीव शुक्ला के नेतृत्व मे किस तरह से काम कर रहा है। उन्होंने बहुत ही सरल शब्दों मे समझाया कि कैसे हम अपने दैनिक व्यवहार मे अनुशासित होकर सुरक्षा के साथ बिना भय के उद्योग चला सकते है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरो का व्यवस्थित इंस्टालेशन पर प्रकाश डाला। आम नागरिक की मदद पुलिस कैसे कर सकती है, किस तरह से उद्योगपति और पुलिस प्रशासन आपसी सामंजस्य से काम करें इन बिंदुओं को भी समारोह में बताया गया।

उरला क्षेत्र की एसीपी पूर्णिमा लांबा ने नये कमीशनरेट व्यवस्था और उसकी ज़रूरतों के बारे में जानकारी दी। टीआई खमतराई राजेश सिंह ने कहा की भनपुरीं,ख़मतराई औद्योगिक इलाक़ा है और पुलिस का हमेशा यही प्रयास रहता है कि क़ानून व्यवस्था का पालन हो, उद्योगपति,व्यापारी सुकून से अपना व्यापार कर सके। खुले मंच पर सभी उद्योगपति एवं व्यापारियों ने इस मौके पर अपनी बात रखी।अधिकारियों ने कहा की पुलिस व्यापारिओं की हर संभव मदद करेगी।

समारोह में आलूप्याज़ व्यापारी संघ,भनपुरीं, ख़मतराई एवं आसपास के उद्योगपति व्यापारी प्रतिनिधि और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि,फेडरेशन के सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### दूधाधारी सत्संग भवन में परिचय सम्मेलन आज

रायपुर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ की ओर से 15 मार्च युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मठपारा स्थित दूधाधारी सत्संग भवन में होगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी प्रदेशाध्यक्ष अरविंद ओझा और कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महंत डॉ. रामसुंदर दास, खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा, औषधि पादप बोर्ड अध्यक्ष अंजय शुक्ला, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे आदि शामिल होंगे।

## नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर आमरण अनशन

# डीएड अभ्यर्थियों की दंडवत यात्रा विधानसभा घेराव के लिए निकले

## पुलिस ने रास्ते में रोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एसडीएम ने कहा- बांड भरकर अनशन पर बैठे हैं, इसलिए आगे बढ़ने की अनुमति नहीं

डीएड अभ्यर्थियों ने शनिवार को 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर धरना स्थल से दंडवत प्रणाम करते हुए विधानसभा घेराव के लिए यात्रा निकाली। पुलिस ने उन्हें बीचे रास्ते में ही रोक दिया। मौके पर मौजूद एसडीएम का कहना है, अभ्यर्थी बांड भरकर अनशन पर बैठे हुए हैं, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती। आगे बढ़ने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

दरअसल, प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थी 24 दिसंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। उनका कहा है न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन करते हुए सभी पात्र अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए। अभ्यर्थियों का कहना है, इस मामले में हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल 2024 और 26 सितंबर 2025 को तथा सुप्रीम कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को स्पष्ट आदेश दिया कि 2621 बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों के स्थान पर 2,621 डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए। इसके बावजूद शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण आज भी 1326 पात्र डीएड अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित हैं।

अभ्यर्थियों का आरोप है कि शिक्षा विभाग ने 2,621 पदों पर डीएड अभ्यर्थियों को कामन मेरिट लिस्ट के बिना दस्तावेज सत्यापन के ही स्कूल अलॉटमेंट कर दिया। इसके कारण केवल 1299 पात्र डीएड अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति मिल पाई, जबकि 1316 ऐसे अभ्यर्थियों को भी स्कूल अलॉटमेंट कर दिया गया था जिनके पास डीएड या टीईटी प्रमाणपत्र नहीं था या जिनकी आयु निर्धारित सीमा से बाहर थी। प्रभावित डीएड अभ्यर्थियों ने शासन से मांग की है कि न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सभी पात्र अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए।

# एफएसएसएआई नियमों में बड़े सुधार से छोटे खाद्य व्यापारियों को बड़ी राहत : पारवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- केन्द्र सरकार के प्रति जताया आभार

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने कहा है कि कि देशभर के व्यापारियों द्वारा समय-समय पर उठाए गए मुद्दों और उनके समाधान के लिए किए गए प्रयासों का एक महत्वपूर्ण परिणाम खाद्य व्यवसायों से संबंधित नियमों में किए गए व्यापक सुधारों के रूप में सामने आया है। इससे छोटे खाद्य व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है।

श्री पारवानी ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के समक्ष देशभर के व्यापारियों ने समय-समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठकों एवं बोर्ड मीटिंग्स के माध्यम से एफ.एस.एस.एआई लाइसेंस से जुड़ी जटिलताओं, अनुपालन प्रक्रियाओं तथा व्यावहारिक समस्याओं को उठाया था। इन सुझावों और मांगों को व्यवस्थित रूप से संबंधित मंत्रालयों तक पहुंचाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार द्वारा नियमों को अधिक सरल एवं व्यापार-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नए प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से मूल पंजीकरण के लिए वार्षिक कारोबार की सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपए कर दी गई है। इस निर्णय से देशभर के सूक्ष्म एवं लघु खाद्य व्यवसायों को अनुपालन के बोझ से बड़ी राहत मिलेगी तथा छोटे व्यापारियों के लिए व्यवसाय करना अधिक सरल होगा।

अमर पारवानी ने बताया कि नगरीय निकायों में पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स को अब एफएसएसएआई के अंतर्गत स्वतः पंजीकृत माना जाएगा, जिससे विभिन्न विभागों में अलग-अलग पंजीकरण कराने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इस निर्णय से देश भर 10 लाख से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि लाइसेंस को स्थायी वैधता प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है, जिससे बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण की जटिल प्रक्रिया समाप्त होगी।

इन महत्वपूर्ण सुधारों के लिए अमर पारवानी ने केन्द्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय व्यापारी समुदाय के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ देश के खाद्य व्यापार को अधिक संगठित, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### नाबालिग छात्र पर चाकू से किया हमला

रायपुर। टिकरापारा में एक नाबालिग छात्र ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी विवाद के चलते उस पर चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मठपुरैना निवासी आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने अपने ही मोहल्ले के एजाज खान के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। छात्र ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह सामान खरीदने जा रहा था। इस दौरान एजाज ने नाबालिग छात्र का रास्ता रोक उसके ऊपर चाकू से हमला किया।

# देर रात लकड़ी फैक्ट्री में आग से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार देर रात लकड़ी फैक्ट्री में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री में रखा एक ट्रैक्टर और कई मशीनें जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। घटना के समय फैक्ट्री के अंदर फंसे दो कर्मचारियों को दमकल कर्मियों ने करीब ढाई से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। उरला थाना क्षेत्र स्थित भीम सरिया मिनरल प्राइवेट लिमिटेड की लकड़ी फैक्ट्री में आधी रात के आसपास अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री से उठती लपटें और धुएं को देखकर आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर निगम और निजी संस्थानों की दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका।

# नगर निगम का राजस्व महकमा 100 बड़े डिफाल्टरों के नाम करेगा सार्वजनिक

## बकाया टैक्स जमा नहीं करने पर नाम और विवरण होंगे उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम का राजस्व विभाग शहर के 100 बड़े बकायादारों की सूची सार्वजनिक करने की तैयारी में है। यदि इन बड़े बकायादारों ने तत्काल अपना बकाया कर जमा नहीं किया, तो निगम प्रशासन उनके नाम व विरण उजागर करने के साथ ही कुर्की और सीलबंदी की कार्रवाई शुरू करेगा। इसके लिए जोन स्तर पर तैयारी की जा रही है। नगर निगम के दस जोन से प्रत्येक के दस सबसे बड़े बकायादारों को चिन्हित किया गया है। राजस्व विभाग के अफसरों के मुताबिक संबंधित बड़े बकायादारों को चेतावनी दी गई है कि वे तत्काल अपना संपूर्ण बकाया कर का भुगतान करें। भुगतान न होने की स्थिति संबंधित संपत्तियों को सील करने और राजस्व नियमों के तहत कुर्की की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।




**अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे दफ्तर**

करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम रायपुर ने विशेष व्यवस्था की है। 31 मार्च 2026 की अंतिम तिथि तक नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालय शनिवार और रविवार के शासकीय अवकाश के दिनों में सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे।

### होम्योपैथिक शिविर में ग्रामीणों ने कराया इलाज

रायपुर। रायपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा पवनी ग्राम में शनिवार को निशुल्क होम्योपैथिक शिविर आयोजित किया गया। इसमें बच्चे संबंधी रोग, स्त्री संबंधी रोग, वात रोग, बवासीर एवं विभिन्न पुरानी बीमारियों का इलाज किया गया। यहां पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी रोगों के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में रायपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलीप मुकुंद पिंपले, उप-प्राचार्य डॉक्टर निर्मल भोई, डॉ. योगेश श्रीवास्तव, मेडिकल ऑफिसर एवं शिविर प्रभारी केवल पटेल, इंटेनिंग एवीएन सुबोध चौहान बीएचएमएस ने तीसरे साल सेवाएं दीं। इस अवसर पर पवनी के सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे।

# भाजपा ने लिया बंगाल विजय का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम बंगाल जनसभा का लाइव टेलिकास्ट सुना गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के ऑडिटोरियम में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और बंगाली समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। भाजपा ने इस अवसर पर बंगाल विजय का संकल्प लिया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बेनर्जी की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा कार्यकर्ता चुनावी रण में उतर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में इस बार कमल खिलेगा और पूर्ण बहुमत से वहां पर भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यक्रम में आए बंगाली समाज के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने ममता बेनर्जी की अराजक सरकार को उखाड़ फेंकने एवं भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं एवं बांग्ला समुदाय के अपील करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में एक अराजक सरकार है जो लगातार बंगाल के विकास में बाधा बन कर खड़ी हुई है। लेकिन अब जनता समझ चुकी है और वह पश्चिम बंगाल में विकास चाहती है। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ता एवं बंगाल का जनमानस तानाशाह ममता सरकार की जल्द विदाई करने वाला है। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक केदार गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा का लाइव प्रसारण देशभर में देखा गया। इसमें बड़ी संख्या में बंगाली समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए ताकि वे अपने परिजनों और परिचितों से संपर्क कर भाजपा के समर्थन में मतदान के लिए प्रेरित कर सकें।

# ये कैसी नीलामी, खनिज विभाग से अनुबंध पर पर्यावरण विभाग नहीं दे रहा एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेत का अवैध कारोबार पर लगाम कसने एवं आम लोगों को सही कीमत पर रेत मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले में रेत की खदानें बढ़ाते हुए नवंबर-दिसंबर में सात नई खदानें घोषित कर इन खदानों में रेत उत्खनन के लिए नीलामी कराई। इस नीलामी के बाद लोगों एवं संस्था को इन खदानों का ठेका भी मिल गया है, लेकिन इसके बाद भी इन खदानों में अब तक रेत उत्खनन का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसका कारण पर्यावरण विभाग है।

इन खदानों के ठेकेदारों ने एनओसी लेने के लिए जो आवेदन किए हैं, उसकी फाइलें पिछले लगभग चार महीने से डंप पड़ी हुई हैं। यह एनओसी आखिर क्यों नहीं मिल पा रही है, इसकी जानकारी पर्यावरण विभाग के अधिकारी भी नहीं दे रहे हैं। इधर एनओसी नहीं मिलने के कारण संबंधित खदानों के ठेकेदारों की चिंता बढ़ी हुई है, क्योंकि गर्मी का सीजन जारी है। इसके बाद जून से बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा, जिससे 10 अक्टूबर तक खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा।



### जांच करने तक नहीं पहुंचे पर्यावरण विभाग के अफसर


विभागीय सूत्रों से पता चला है कि खनिज विभाग में खदानों की नीलामी की प्रक्रिया होने के बाद विभाग और खदान ठेकेदारों के बीच अनुबंध होता है। इस अनुबंध के तहत ठेकेदार दस्तावेजों के साथ पर्यावरण विभाग में एनओसी लेने के लिए आवेदन करता है। इस आवेदन पर एनओसी देने से पहले पर्यावरण विभाग द्वारा खदानों का निरीक्षण किया जाता है। इस निरीक्षण में विभाग के अधिकारी जांच करते हैं कि खदानों में उत्खनन होने तथा भारी गाड़ियों के आवागमन से पर्यावरण और गांव को कितना नुकसान हो सकता है तथा इस नुकसान से बचाने एवं भरपाई के लिए खदान के आसपास एवं गांव में पेड़-पौधे लगाने से लेकर अन्य क्या-क्या कार्य ठेकेदारों को करना है, इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार की जाती है।

### बारीक रेत की घट नहीं रही कीमत

जिले की ज्यादातर खदानों से मीडियम रेत ही निकल रही है। बारीक रेत कुछेक खदान से ही निकल रही है। इसके कारण बारीक रेत की कीमत भी जिले में घट नहीं रही है। ट्रेडर्स संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में बारीक रेत हाईवा में 20 रुपए फीट है, वहीं चिल्हर में 25 रुपए फीट तक यह बिक रही है। मीडियम रेत भी हाईवा में 15 से 16 रुपए फीट है, वहीं चिल्हर में 18 से 20 रुपए फीट की दर से बिक रही है।

### 8 खदानों में ही वैध उत्खनन

जिले में नवंबर-दिसंबर 2025 में नई 7 खदानों की नीलामी हुई। इससे पूर्व 13 खदानों की नीलामी हुई थी, जिसमें से 5 खदानों को करीब एक साल तक पर्यावरण विभाग से एनओसी ही नहीं मिल पाया था। ये 5 खदानों का अनुबंध भी खत्म हो गया है। इस तरह अब सिर्फ 8 खदानों में वैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है।




## खबर संक्षेप



### भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का बखान

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में चल रहे श्रीमद भागवत कथा का बखान करते हुए पं. प्रवीण कृष्ण महाराज मोखला आरंग ने भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का बखान करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण माखन चोरी की लीला के माध्यम वात्सल्य भाव को प्रकट किया है। महाराज ने इस बात को रेखांकित किया कि कंस के यहां माखन देने के बजाए अपने बच्चों को भरपूर माखन खिलाए एक तरह से कंस की नगरी मथुरा में आर्थिक नाकेबंदी के रूप में भी इसे देखा जा सकता है। इसके अलावा भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक असुरों का उद्धार किया। कालिया नाग मर्दन में जल संरक्षण का भाव स्पष्ट है, क्योंकि जल के बिना सब सूना है, इसलिए जब यमुना का जल कालिया नाग के जहर से दूषित होने लगा तो भगवान कृष्ण ने गेंद खेल के माध्यम से यमुना में गए और कालिया नाग का मर्दन किया हमें भी अपने सरोवरों का विशेष ध्यान रखते-रखते हुए जल संरक्षण और शुद्धता का ख्याल रखना चाहिए। भागवत कथा में ग्रामीण जन कथा का रसपान करने पहुंच रहे हैं।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच

**रायपुर।** यातायात पुलिस रात के समय में जांच अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को पचपेड़ीनाका ओवरब्रिज के पास पुलिस ने दोपहिया, कार सहित भारी वाहनों को रोककर चालकों की जांच की। सूत्रों से पता चला है कि इस जांच के दौरान कुछ वाहन चालक नशे में वाहन चलाते पकड़े गए, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### तीन त्योहारों पर मांस-मटन की बिक्री प्रतिबंधित

**रायपुर।** आगामी प्रमुख धार्मिक पर्वों को देखते हुए नगर निगम ने मांस-मटन की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखने का आदेश जारी किया है। निगम प्रशासन के निर्देश के अनुसार, शहर में तीन अलग-अलग तिथियों पर मांस और मटन की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, 20 मार्च चेट्रीचंड्र, 27 मार्च रामनवमी और 31 मार्च को महावीर जयंती पर निगम क्षेत्र में संचालित सभी मांस-मटन की दुकानें बंद रखी जाएंगी।

# ढालम में शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ, निकली विशाल कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के विकासखंड बसना के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढालम में शुक्रवार से शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस चार दिवसीय (13 से 16 मार्च) महाआयोजन के पहले दिन गाँव में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया।



**कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब:** कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई। सैकड़ों की संख्या में मातृशक्तियों ने पारंपरिक परिधानों में सिर पर मंगल कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान युवाओं और नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों में लहराते पीले और भगवा ध्वज आकर्षण का केंद्र रहे। 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारों से पूरा ढालम गांव शिवमय हो गया।

**गांव में उत्सवी माहौल और मीना बाजार की रौनक**

इस प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे गांव को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया है। आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हो रहे इस कार्यक्रम में मेले जैसा उल्लास है। लोगों के मनोरंजन और उत्सव के लिए मीना बाजार की व्यवस्था भी की गई है, जिससे बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

आने वाले दिनों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा, महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर का साक्षी बनने के लिए आस-पास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु भारी संख्या में ढालम पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन भंडारे की उत्तम व्यवस्था की गई है।

# पंथश्री उदित मुनि नाम साहेब के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**बिरकोनी।** सद्गुरु कबीर धर्मदास साहब वंशावली मिशन के जिला सलाहकार महंत पोखन दास मानिकपुरी के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में शुक्रवार को पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहेब के प्रथम नगर आगमन पर नदी चौक घोड़ारी में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कबीर पंथ के अनुयायियों और मिशन के पदाधिकारियों ने पुष्पमालाओं से उनका स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में कबीर पंथ के अनुयायियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मिशन के प्रतिनिधि संतोष साहू, खोमन साहू, शंकर दास मानिकपुरी, नाना साहेब, लक्ष्मण मानिकपुरी, चंद्रशेखर मानिकपुरी, नोहर साहू, तारेन साहू, नीलकंठ पटेल, शत्रुघ्न, गंगूराम, बलू साहू तथा रोशन दास मानिकपुरी सहित बरबसपुर क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला मंडल की ओर से रश्मि, रुक्मणि, अमृता, तनु, अन्नपूर्णा और पल्लवी मानिकपुरी ने भी सहभागिता निभाई। इसके अलावा साहू समाज की महिलाओं में यूकेश्वरी, जानकी और राजकुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। वहीं हरिशंकर ठाकुर, राम साहू, जीवन साहू और आर्यन साहू सहित अनेक युवाओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।



## शहर में हुआ मेगा सत्संग का आयोजन

**महासमुंद।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित मेगा सत्संग 13 मार्च को सफलतापूर्वक हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग के इस मेगा सत्संग को सफल बनाने में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा निःशुल्क हॉल उपलब्ध कराया गया। आयोजन में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार द्वारा समय-समय पर सत्संग सेवा एवं अन्य सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार द्वारा 16 मार्च से 20 मार्च तक स्वाध्याय भवन महासमुंद में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समय सुबह 6 बजे से 9 बजे तक एवं शाम 4 बजे से 7 बजे तक रहेगा।

# अखंड मानस गान पर अरंड में निकाली गई कलश यात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में त्रिदिवसीय अखंड मानस गान समारोह के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात विधि विधान से गौरी पूजा के बाद अखंड रामायण पाठ मानस गान प्रारंभ हुआ। आयोजन समिति के संचालक शिक्षक कौतुक पटेल ने बताया कि यह आयोजन विगत 59 वर्षों से निरंतर जारी है। गांव के बुजुर्गों ने जो परम्परा प्रारंभ किये थे कि एक निश्चित तिथि चैत्र माह के कृष्ण पक्ष के एकादशी से तीन दिवस तक मानस गान समारोह वह आज भी निरंतर जारी है। तीन दिन के इस आयोजन में प्रतिवर्ष लगभग 40 से 60 मानस मंडली भाग लेते हैं। आयोजन खुला मंच होता है। कोई भी मंडली आकर भाग ले सकती है। पहले से कोई निर्धारित नहीं होता। आयोजन को सफल बनाने में जय महावीर मानस मंडली अरंड के सभी सदस्य ग्राम की सभी महिला स्वसहायता समूह के साथ ही समस्त ग्रामवासियों का योगदान रहता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच डिगंबर पटेल, ग्राम अध्यक्ष शिवचरण ध्रुव, पूर्व सरपंच कार्तिक राम पटेल, पूर्व सरपंच देवराज ठाकुर, गंगाधर निर्मलकर, कौतुक पटेल, भरत दीवान, कन्हैया ध्रुव, हेमलाल ध्रुव, प्रीतम पटेल, पुराणिक ध्रुव, बसंत पटेल, मन्नू राम ध्रुव, हुषन निर्मलकर, बृजलाल ध्रुव, पारस नाथ ध्रुव, भोज ध्रुव आदि उपस्थित रहे।



# सीआरपीएफ जवान शहीद शोभित बरिहा को दी गई अंतिम विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ओडिशा के नुआपड़ा खरियार रोड के 216 बटालियन में तैनात ग्राम दुरूगपाली बसना निवासी शहीद शोभित बरिहा को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। बता दें कि ग्राम दुरूगपाली ब्लॉक बसना के निवासी शोभित बरिहा सन 2004 से सीआरपीएफ 216 बटालियन में तैनात थे। लगातार शोभित बरिहा ने 22 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। विगत तीन-चार माह से अस्वस्थ चल रहे थे। दिल्ली में ईलाज के दौरान शोभित बरिहा ने अंतिम सांस ली। शोभित बरिहा की मृत्यु की खबर चलते ही ग्राम दुरूगपाली सहित बसना क्षेत्र में शोक की लहर फ़ैल गई। शासकीय वाहन से उन्हें बसना लाया गया। बसना थाना परिसर से ग्राम दुरूगपाली तक शवयात्रा निकाली गई। शवयात्रा में डीजे के धुन में देशभक्ति गीत के साथ सीआरपीएफ के जवान चल रहे थे। ग्राम दुरूगपाली पहुंचने पर सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी गई। अंत्येष्टि के समय पर सीआरपीएफ जवानों ग्रामीणों सहित, क्षेत्रवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक, विस घेराव को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 17 मार्च मंगलवार को रायपुर में विधानसभा घेराव का ऐलान किया गया। खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में तथा जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर (पूर्व जिलाध्यक्ष जिला बलौदाबाजार) की उपस्थिति में जिलास्तरीय बैठक कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। इसमें इस प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई है।



जिलाध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने बताया की कांग्रेस पार्टी का यह विधानसभा घेराव धान खरीदी में कथित अनियमितताओं, रसोई गैस की किल्लत, कानून व्यवस्था और स्थानीय निकाय के मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। बैठक में जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को राजधानी लाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला कार्यकारिणी की बैठकों में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय करने और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं बैठक में बूथ, पंचायत और वार्ड स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत और पूर्ण करने के लिए प्रमुख दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर ने कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बूथ, पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 'संगठन सृजन' अभियान की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। सभी स्थानीय इकाइयों और कार्यकर्ताओं को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए कहा गया है ताकि चुनावी तैयारियों और संगठन के विस्तार में तेजी लाई जा सके।

बैठक में जिलाध्यक्ष एवं विधायक खल्लारी द्वारकाधीश यादव, जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहित ध्रुव, विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, अन्नू चंद्राकर, लखबीर सिंह छाबड़ा, देवनाथ साहू, कमल किशोर अग्रवाल, तन्मय पंडा, खेमराज सिंहा, मनोजकांत साहू, लक्ष्मण पटेल, मोक्ष प्रधान, अमर चंद्राकर, खिलावन बघेल, जसबीर ढिल्लों, नितेंद्र बैनर्जी, पार्षद मुश्ताक खान विक्की, सोनम बंसोड़, फिरोज़ मेमन, भरत ठाकुर, गणेश शर्मा, डॉ तरुण साहू, कपिल साहू, राजू यादव, ममता चंद्राकर, हुलास गिरी गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष सचिन गायकवाड़, तुलसी साहू, गोपी तारक, मोती साहू, सुनील चंद्राकर, अनीश राजवानी, बसंत चंद्राकर, राजू साहू, जयश्री दास, कामिनी चंद्राकर, रतन बंजारे, मंदाकिनी साहू, रमन ठाकुर, खिलावन ध्रुव, तबरेज खान, डॉ एजाज नकवी, टोमन कागजी, विजय साव, शहजान पाशा, खोमेश साहू, कविता तिवारी, शकील खान, नंदकुमार निषाद, हितेश साहू, लोकेश मांझी, सोमेश दवे, कमल प्रजापति, योगेश तिवारी, भानु साहू, गौरव जानी, पोखराज साहू, अंजोर सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम साहू, केवल यादव, पुरुषोत्तम दास, राधेलाल सिन्हा, आशीष दीवान, चैन कुमार कौशिक, ओम प्रकाश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एयर टिकट बुक करने में जेब होगी ढीली, इंडिगो ने लगाया घरेलू उड़ान पर 425 रुपए फ्यूल चार्ज

## अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर देने होंगे 23 सौ तक, अन्य कंपनियां बढ़ा चुकीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बढ़ते तनाव और युद्ध की स्थितियों की वजह से इंडिगो अब अपने यात्रियों से फ्यूल चार्ज वसूल रहा है। शनिवार से लागू इस नियम के बाद घरेलू उड़ान का लाभ लेने वाले यात्रियों को प्रति सेक्टर 425 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए यह राशि 2300 रुपए तक है। इंडिगो के अलावा अन्य विमानन कंपनियों ने भी फ्यूल चार्ज का सिस्टम लागू किया है।

सूत्रों के मुताबिक पहली बार ऐसा हुआ है, जब एयरलाइंस कंपनियां यात्रियों से सीधे फ्यूल चार्ज वसूल रही हैं। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस इसे पहले लागू कर चुकी है। देश में सर्वाधिक डोमेस्टिक फ्लाइट का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस का फ्यूल चार्ज 14 मार्च से लागू किया गया है। इंडिगो द्वारा जारी सर्कुलर में बताया गया है कि मध्य-पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक मुद्दों के बाद फ्यूल की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी के कारण यह कदम उठाया गया है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल एयरलाइंस की ऑपरेटिंग लागत का एक बड़ा हिस्सा होता है। इस अचानक और भारी बढ़ोतरी का विमानन कंपनियों की लागत और नेटवर्क पर काफी असर पड़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए एयरलाइंस कंपनियों द्वारा घरेलू से लेकर इंटरनेशनल उड़ान पर फ्यूल चार्ज लगाया गया है। तय किए गए शुल्क के मुताबिक भारत के भीतर संचालित होने वाले विमानों के टिकट में 425 रुपए और इंटरनेशनल उड़ानों में 18 सौ से 23 सौ रुपए शुल्क देना होगा।

**बहुत ज्यादा असर नहीं**

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण जेट ईंधन की कीमतों में 85 प्रतिशत तक की वृद्धि के चलते फ्यूल चार्ज लिया जा रहा है। इसका बहुत ज्यादा भार यात्रियों पर नहीं होगा।
-कीर्ति व्यास, संचालक, व्यास हॉलीडेज



**तीन महीने में तीन बार बढ़ोतरी :** सूत्रों के अनुसार पिछले तीन महीने में तीन बार टरबाइन फ्यूल की कीमतों में इजाफा हुआ है। जनवरी में इसकी कीमत प्रति केएल 86352 था जो फरवरी में बढ़कर 91393 हो गया और मार्च में इसकी कीमत 96638 हो गई।

**फिलहाल यात्रियों की संख्या सामान्य**

अभी स्कूल-कालेजों में परीक्षा का सीजन होने की वजह विमानों में यात्री सामान्य संख्या में उड़ान भर रहे हैं। इसकी वजह से तमाम रूटों का टिकट सामान्य जैसी स्थिति में है। चौबीस घंटे पहले भी बुक कराने पर टिकट दस हजार रुपए में मिल जा रहा है और दो से तीन दिन पहले टिकट लेने पर छह से आठ हजार रुपए ही खर्च करना पड़ रहा है। ट्रैवल्स कारोबारियों के मुताबिक यात्रियों की संख्या में वृद्धि अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से नजर आएगी।

# फ्लाईट में सफर कर रही महिला के लगेज से सोने का हार चोरी

**रायपुर।** माना थाना में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ लगेज से ढाई तोला सोने का हार चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला राजस्थान, जोधपुर से दिल्ली होते हुए रायपुर पहुंची। पहुंचने के बाद उसने अपना बैग खोलकर चेक किया, तो बैग से सोने का जेवर गायब मिला। इस पर महिला शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंची। किरण मालू ने थाने में सोने का हार चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि वह 12 मार्च को जोधपुर से दिल्ली होते हुए कनेक्टिंग फ्लाइट से रायपुर पहुंची। बाहर से बैग में किसी तरह की छेड़खानी का नहीं पता चल रहा है। पुलिस को आशंका है कि महिला के बैग से जोधपुर या दिल्ली एयरपोर्ट से हार चोरी होने की घटना हुई होगी। पुलिस स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई तय करने की बात कह रही है।



**खबर संक्षेप**

## शशिकांत बने प्रदेश साहू संघ युवक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक



**महासमुंद।** प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों की नियुक्ति की। इसी क्रम में युवाओं में सबसे चर्चित चेहरे रायपुर निवासी शशिकांत साहू को प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया। विदित हो कि साहू पूर्व में जिला संयोजक रायपुर की जिम्मेदारी निभा चुके हैं जिसमें उनके नेतृत्व क्षमता अनुकरणीय आंकी गई। उनके इसी कार्यप्रणाली को देखते हुए प्रदेश के सर्वोच्च पद पर उन्हें स्थान दिया गया। शशिकांत साहू की नियुक्ति पर महासमुंद से अजय साहू, मनीष साहू, विकास साहू, चंदन साहू समेत प्रदेश साहू संघ का आभार व्यक्त किया है। उक्त जानकारी जिला साहू संघ (युवा प्रकोष्ठ) महासमुंद के पूर्व महामंत्री अजय साहू आमाकोनी ने दी है।

## लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे अंचलवासी

**नर्रा।** लो वोल्टेज का संकट अब आम जनता के लिए भी सबब बन गया है। इस क्षेत्र के लोग फरवरी माह से ही लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। मार्च के महीने भीषण गर्मी के दौर में जहां बिजली लो-वोल्टेज की समस्या के कारण पंखे, कूलर नहीं चल पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिन में भी लो-वोल्टेज रहता है, वहीं रात मे बल्ब भी ठीक जल नहीं पा रहे हैं। रात में गर्मी और मच्छर के चलते लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसका सीधा असर खेतीबाड़ी पर भी पड़ रहा है। लो वोल्टेज के कारण बाड़ी में लगे टुल्लू पंप के अलावा ट्यूबवेल की धार भी पतली हो गई है। इन दिनों ग्रीष्मकालीन रबी धान फसल, मूंगफली एवं सब्जी की खेती कर रहे किसान सिंचाई के लिए परेशान है। इसके साथ ही गांवों में नल जल योजना के तहत संचालित पानी टंकियां को भी भरना मुश्किल हो गया है।

# महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग के बजट में पोषण, महिला सशक्तिकरण और दिव्यांग हितों की उपेक्षा: चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में विधायक चातुरी नंद ने अनुदान मांगों के विरोध में अपनी बातें रखी। विधायक चातुरी नंद ने सदन में मांग संख्या 34 एवं 55 (महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग) के अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान बजट का विरोध करते हुए कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण और बाल विकास के बड़े-बड़े दावे तो कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन दिखाई नहीं दे रहा है। विधायक ने कहा कि सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित होने वाले रेडी टू ईट पोषण आहार के संचालन को महिला स्व-सहायता समूहों को देने की घोषणा की थी, जिससे महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा और पोषण आहार की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। लेकिन आज तक प्रदेश में इस व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि महिला समूहों को सशक्त बनाने के लिए की गई घोषणा केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसे पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ लागू किया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि कई आंगनबाड़ी केंद्रों में चिक्की और अन्य पोषण आहार की सप्लाई समय पर नहीं पहुंच रही है, जिससे बच्चों और गर्भवती एवं धात्री माताओं के पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन सप्लाई व्यवस्था में अव्यवस्था के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों तक सामग्री समय पर नहीं पहुंच पाती। वर्तमान में पोषण सामग्री की आपूर्ति बीज विकास निगम के माध्यम से की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, जिससे कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से निपटने के प्रयास कमजोर पड़ रहे हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ड्रेस वितरण योजना में भी अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि टेंडर प्रक्रिया और वितरण व्यवस्था में गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई हैं। कार्यकर्ताओं से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

विधायक ने दिव्यांगजनों से जुड़ी योजनाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि बैटरी चलित वाहन वितरण योजना में 80 प्रतिशत दिव्यांगता और पांच वर्ष की अवधि की अनिवार्यता जैसी कठोर शर्तें लागू की गई हैं, जिसके कारण अनेक जरूरतमंद दिव्यांगजन इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।





**दिव्यांग पेंशन में बढ़ोतरी कर 1 हजार प्रतिमाह, रेडी टू ईट का संचालन महिला समूहों को देने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति विभागीय मंत्री का कराया ध्यानाकर्षण**

## आयोजन : निराश्रित गौवंशों को मिलेगा सुरक्षित आश्रय

# मुख्यमंत्री ने किया कुटेला में जिले के पहले गौधाम का वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/सरायपाली

विकासखंड सरायपाली अंतर्गत ग्राम कुटेला में शनिवार को राज्य शासन की गौधाम योजना के अंतर्गत जिले के प्रथम गौधाम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बिलासपुर के लखासार गौधाम से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गौधामों सहित कुटेला गौधाम का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, गौ सेवा आयोग के जिला एवं विकासखंड पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सेवा आयोग के जिला एवं विकासखंड पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियो द्वारा गौमाता की पूजा कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि राज्य शासन की यह योजना गौवंश संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। गौधाम के माध्यम से निराश्रित गौवंशों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा तथा उनकी समुचित देखभाल सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि साथ ही जिले में शीघ्र ही गौवंश टैगिंग अभियान भी प्रारंभ किया जाएगा। गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष निलेश पटेल ने कहा कि ग्राम कुटेला में जिले के प्रथम गौधाम का प्रारंभ होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से गौसेवा के इस पुनीत कार्य में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग जिलाध्यक्ष निलेश पटेल, विकासखंड अध्यक्ष मयंक शर्मा, एसडीएम अनुपमा आनंद, पुष्पलता चौहान, प्रकाश पटेल तथा कुटेला गौधाम संचालक महेश पटेल, छत्तीसगढ़ गौ सेवा सदस्य राजा अग्रवाल, मयंक पाणिग्रही, साहिल पटनायक, दीपक यादव, पंकज अग्रवाल, नवीन ठाकुर, छग गौसेवा आयोग जिला सदस्य इवन साहू, गीतेश पंडा, पिथौरा विकासखंड गौसेवा आयोग अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सदस्य झलेश्वर निषाद, बसना विकासखंड गौसेवा आयोग अध्यक्ष नंदकिशन साव, सदस्य अभिषेक दास, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ अंजना नायडू, डॉ आर यादव, डॉ खुशबू चंद्राकर, डॉ योगेश्वर पटेल, डॉ. दुर्गा ठाकुर एवं पशु चिकित्सा विभाग सरायपाली के सभी अधिकारी/कर्मचारी, अनिता चौधरी, नमिता साहू, गुड्डु जायसवाल, राकेश पाणिग्रही, विवेक शर्मा, नंदन राजपूत, नोबि सुमित, चंद्रकुमार (मिलो पटेल) नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, विपिन उपवेजा, गंजन अग्रवाल एवं विदित धनानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उप संचालक पशु चिकित्सा अंजना नायडू ने किया।

उल्लेखनीय है कि गौधाम योजना का उद्देश्य सड़कों पर घूम रहे निराश्रित एवं घुमंतु गौवंशों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना तथा उनके संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना है। गौधाम के प्रारंभ होने से क्षेत्र में गौवंशों के लिए आहार, पानी और चिकित्सा जैसी आवश्यक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

## होली प्रेम, सौहार्द और एकता का देता है संदेश : अनिता



### जैन कॉलोनी में दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ताओं ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**सरायपाली।** दुर्गावाहिनी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद से मातृशक्ति और दुर्गावाहिनी की कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और देवी वंदना के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित सभी मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बहनों ने होली के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि यह सामाजिक समरसता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से समाज के सभी लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं और आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम का संदेश देते हैं। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजिका एवं समाज सेविका अनिता चौधरी ने कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है। यह पर्व हमें प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है।

कार्यक्रम में प्रखंड संयोजिका नमिता साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति हमेशा समाज के उत्थान और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने के लिए कार्य करती रही हैं। प्रखंड उपाध्यक्ष सविता वर्मन, जिला सह संयोजिका ललिता सिदार, प्रखंड सह संयोजिका विमला दास ने भी संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। महिलाओं ने आपसी हंसी-खुशी में रंग-बिरंगे गुलाल की खुशबू और उत्साह का माहौल बना रहा। समारोह के अंत में सभी उपस्थित बहनों ने सम प्रेम, एकता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

## तुसदा स्कूल में आठवीं के बच्चों को दी गई विदाई



**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तुसदा में अध्यनरत कक्षा आठवीं के बच्चों के लिए विदाई कार्यक्रम काआयोजन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती का संस्था प्रमुख किसलाल धनकर, पूर्णिमा पटेल, ममता यादव, आठवीं के कक्षा शिक्षक मनोहर लाल साहू द्वारा पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया।

## नवकिरण अकादमी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर 15 मार्च 2026 को नवकिरण अकादमी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उपभोक्ता अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यशकुमार चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, टकेश साहू तथा सौरभ सोनवानी उपस्थित रहे। वहीं माय भारत महासमुंद से अशोक चक्रधारी भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवाओं को उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक उपभोक्ता बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर युवाओं के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,



जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मंजू ठाकुर, द्वितीय स्थान अनामिका ध्रुव तथा तृतीय स्थान शैलेंद्र कुमार ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यशकुमार चक्रधारी ने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। विवेक चंद्राकर ने बताया कि जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। टकेश साहू ने कहा कि किसी भी प्रकार की वस्तु या सेवा में धोखाधड़ी होने पर उपभोक्ता संबंधित विभाग या उपभोक्ता मंच में शिकायत कर सकते हैं। सौरभ सोनवानी ने युवाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहें। कार्यक्रम के अंत में माय भारत की ओर से अशोक चक्रधारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं युवाओं का आभार व्यक्त किया।

## बलोदा में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर, 35 मरीजों की जांच

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्रामीण अंचल में आम नागरिकों को उनके घर के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर बलोदा में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्व मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल नायक एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय अग्रवाल ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों सहित कुल 35 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया तथा उपचार से संबंधित दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर से विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में मदद मिली। साथ ही स्थानीय लोगों को घर के पास ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलने से काफी सुविधा हुई और सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। उपरोक्त जानकारी खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सह मीडिया प्रभारी टीआर धृतलहरे ने दी है।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**महासमुंद।** महिला पतंजलि समिति द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गार्डन में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शिविर के प्रथम दिवस पर पूनम पटले एवं सुमति साहू द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इसमें योगिक जॉगिंग, श्वास पर ध्यान केंद्रित करते हुए तथा शरीर की क्षमता के अनुसार सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास विधिपूर्वक कराया गया। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार संपूर्ण व्यायाम की श्रेणी में आता है, जिससे शरीर का सर्वांगीण विकास होता है। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से



शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव दूर होता है और व्यक्ति निरोगी जीवन सकता है। वर्तमान समय में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महिला पतंजलि समिति महासमुंद द्वारा महिलाओं के बीच योग के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। शिविर के द्वितीय दिवस पर रोगानुसार योग एवं जड़ी-बूटी परिचय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अंजलि पटेल, दुबे पटेल, भावना चंद्राकर, चंद्रकला साहू, रिया पटेल, हेमवती पटेल, सकल साहू, हेमलता कोसर, शकुंतला साहू, आयुष पटेल, हुमांजलि पटेल, ईश्वरी सिन्हा, हेमक्रांति जगत, जिला महिला पतंजलि प्रभारी सुमति साहू, महामंत्री पूनम पटले आदि मौजूद रहे।

## मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा, होगा मेगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय द्वारा आगामी मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा जो 26 अप्रैल 2026 को होनी है। मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज नवकिरण अकादमी व जिला ग्रन्थालय महासमुंद द्वारा लिया जाएगा। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जायेगा। जारी विज्ञप्ति में डी बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मंडी उपनिरीक्षक भर्ती के 04 टेस्ट सीरीज क्रमशः 22 मार्च (रविवार) को पेपर -1 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01, 29 मार्च पेपर-2, 05 अप्रैल को पेपर -3 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -03, 12 अप्रैल को पेपर 4 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 का आयोजन किया जाएगा।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा।

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# गोंड समाज सुवरमार राज के महादेवा धाम में आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ मुख्यालय रानी महल पिथौरा पंजीयन क्रमांक 2855 के राज सुवरमार के कसेकेरा सर्कल के आश्रित ग्राम महादेवा धाम में आयोजित आदर्श विवाह कार्यक्रम में समाज के लोग सम्मिलत हुए। सर्वप्रथम भगवान बूढ़ा देव के छायाचित्र में पूजा अर्चना की गई। बाद समाज पदाधिकारियों का स्वागत अक्षत तिलक लगाकर किया गया। सभा को संचालित करने के लिए सभापति राज़ अध्यक्ष देवसिंग ठाकुर को नियुक्त किया गया। उपसभापति के रूप में राज उपाध्यक्ष राजू ठाकुर रहे।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर एवं विशिष्ट तिथि में केंद्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग रामबती ठाकुर, राज़ कोषाध्यक्ष भगवानी ठाकुर, शिक्षा प्रभारी मनोज ठाकुर राज मिडिया प्रभारी तूफान दीवान, सर्कल अध्यक्ष भालूचुवा मोहर सिंह ठाकुर, बाघामुडा सर्कल अध्यक्ष अरुण ठाकुर, कसेकेरा सर्कल अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर रहे।


अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संक्षिप्त में बात रखीं। जिसमें सामाजिक गतिविधि रीति



रिवाज, नेग दस्तूर, गोंडी धर्म रुढ़ी प्रथा को संयोजित कर रखने तथा आदर्श विवाह एक अच्छी पहल है, इसे समाज एवं परिवार जनों का समय की बचत है। साथ ही कहा कि खर्चीले विवाह से हम सबको बचना है। समाजजनों से आह्वान किया गया है कि आदर्श विवाह को मान्यता दें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित कर ज्यादा से ज्यादा विवाह योग्य बेटी-बेटा इस विवाह में सुयोग्य परिवार का निर्माण करें। यह आदर्श विवाह में दो जोड़ा ने भगवान बूढ़ा देव आदिशक्ति को साक्षी मान कर एक दुजे के लिए परिणय सूत्र में बंधे और बाजे गाजे के साथ सारी रस्म तेल, हल्दी, से लेकर फेरा, टिकावन का नेग चार गोंडी नेग दस्तूर के साथ विवाह कराया गया। वर राकेश एवं वधू दूरपति, वर मोहन एवं वधू तामेश्वरी को समाजजनों द्वारा सप्रेम भेंट.कर आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर, राज़ सुवरमार अध्यक्ष देव सिंग ठाकुर, राज उपाध्यक्ष राजु ठाकुर, राज कोषाध्यक्ष भगवानी ठाकुर, राज शिक्षा प्रभारी मनोज ठाकुर, राज मीडिया प्रभारी तूफान दीवान, सर्कल बाघामुडा अध्यक्ष अरुण ठाकुर, भालुचूवा सर्कल अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, कसेकरा सर्कल अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, रुपेश्वर ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, शोभा राम ठाकुर, पुरन ठाकुर, सोमनाथ ठाकुर, गैंदू राम, नेमीचंद, जयदेव, कोमल, मनोज ठाकुर, संगीता ठाकुर, चंदिका, नेतन बाई, निराशो बाई, फूलेश्वरी ठाकुर, रोहित ठाकुर, गेस राम ठाकुर, बुटागू ठाकुर, रोहित ठाकुर, धनमंत्री ठाकुर, भोला ठाकुर, कमल ठाकुर, ईश्वरी ठाकुर, कांति ठाकुर, गोमती ठाकुर, गायत्री ठाकुर, हुलसी ठाकुर, नारायण ठाकुर, मोनिका ठाकुर, युधिष्ठिर ठाकुर आदि मौजूद रहे।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411